तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 सितंबर 2024



13 दो घंटे झमाझम बारिश, कहीं राहत, कहीं आफत



14 नाहंदा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर



## खबर संक्षेप

### बोदल में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**बालोद/कलंगपुर।** नवयुवक कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी बोदल के तत्वावधान में 28 सितंबर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी मैच मैट पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे से होगा। कैलाश साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता कबड्डी टीमों के लिए प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये, द्वितीय 4 हजार रुपए, तृतीय 3 हजार रुपये, चतुर्थ 2 हजार रुपये, पंचम 15 सौ रुपए एवं षष्ठम एक हजार रुपये नगद पुरस्कार रखा गया है।

### उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान समारोह 6 को

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम 6 अक्टूबर रविवार को प्रातः 11 बजे से कला केंद्र बालोद में आयोजित किया गया है। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षकों में अध्यापन अभिरूचि एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक सृजन सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर 2–2 शिक्षकों एवं संस्था प्रमुख को प्रविष्टि के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शैक्षिक गतिविधियों स्काउट गाइड, जूनियर रेडक्रास, ईको क्लब ▶▶ शेष पेज 12 पर

## अनदेखी : हरिभूमि ने नल-जल योजना के पानी में कीड़े आने को लेकर किया था सचेत

# टिकरी में डायरिया से दंपति की मौत, 100 से अधिक पीड़ित, फिर स्वास्थ्य विभाग फेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा

नगर से लगे ग्राम टिकरी में पिछले चार दिनों से डायरिया का प्रकोप जारी है। गुरुवार को डायरिया के चलते गुरुवार को एक दंपति की मौत हो गई, जिनका देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि हरिभूमि ने कुछ माह पूर्व समाचार प्रकाशित कर पंचायत की लापरवाही का ज़िक्र करते हुए प्रशासन को आगाह किया था, कि लोगों के घरों में नल जल योजना के तहत सप्लाई किए जाने वाले पानी में कीड़े आ रहे हैं। बावजूद इसके न तो पंचायत ने इसकी सुध ली और न ही प्रशासन ने। इसका नतीजा यह हुआ कि ग्राम में डायरिया फैल गया और एक दंपति की मौत हो गई।

प्रथम दृष्टया ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण टिकरी गाँव में डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन डायरिया के रोज नये नये मरीज़ सामने आ रहे हैं। बता दें कि जिस बोर से पीने के पानी की सप्लाई पूरे गाँव में की जाती है, वहीं ग्राम पंचायत की ओर से नाली बना दी गई है। जिसके कारण वहाँ नाली का गंदा पानी जाम हो गया है। माना जा रहा है कि वही गंदा पानी नल जल योजना के तहत गाँव में पहुँचाए जा रहे पानी के साथ घरों तक पहुँच रहा है, जिसके चलते डायरिया का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है।

### समाचार प्रकाशन के बाद भी न पंचायत ने ध्यान दिया, न प्रशासन ने

### पति-पत्नी की मौत का ज़िम्मेदार कौन





शुरुआत में डायरिया का प्रकोप बढ़ने लगा, उसके बाद से ही सुधार कार्य शुरू कर देना चाहिए था। लेकिन मरीज़ों की बढ़ती संख्या के बाद भी अभी तक पंचायत और प्रशासन की ओर से कोई विशेष पहल नहीं दिख रही है। इसके कारण 75 वर्षीय धनराज कुर्रे और उनकी पत्नी उर्मिला बाई 70 वर्ष की मौत हो गई। आख़िर अब इन दोनों पति पत्नी की मौत का जिम्मेदार कौन है।

### पति की सेवा करते पत्नी ने गँवाई जान

बता दें कि 75 वर्षीय धनराज कुर्रे को 22 सितंबर को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। उसके बाद वे इलाज के लिए अर्जुंदा के शासकीय अस्पताल पहुँचे। उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें राजनांदगाँव रेफ़र कर दिया गया। धनराज के साथ उनकी पत्नी उर्मिला भी गईं, तब तक वह स्वस्थ थीं। इस बीच पति की सेवा करते पत्नी भी डायरिया की चपेट में आ गई। गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे धनराज की मौत हो गई, जिसके एक घंटे बाद उनकी पत्नी उर्मिला ने भी दम तोड़ दिया।

### पीएचई विभाग ने निभाई औपचारिकता

टिकरी में डायरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पीएचई विभाग की ओर से महज़ औपचारिकता पूरी की गई। पीने के लिए सप्लाई होने वाले पानी में दवाई डाल दी गई, लेकिन गंदे पानी को पेयजल के साथ सप्लाई रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया।

### 100 से अधिक मरीज़ आ चुके सामने

लगातार डायरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से गाँव में कैंप लगाकर मरीज़ों की पहचान कर और उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो अब तक टिकरी गाँव में डायरिया के 100 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आख़िरकार कब डायरिया का प्रकोप टिकरी गाँव में थमेगा।

### सुधार के लिए पंचायत का सहयोग जरूरी : ईई

पूरे मामले को लेकर गुण्डरदेही एसडीएम सुरेश साहू को फ़ोन के माध्यम से संपर्क कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फ़ोन नहीं उठाया। इस मामले में ईई पीएचई सुक्रांत साहू ने कहा कि पुरानी पाइपलाइन होने के कारण डायरिया का प्रकोप हुआ है। इसके सुधार के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग की आवश्यकता है। विभाग की ओर से पानी को साफ़ करने के लिए दवा मिलाई गई है। जल्द ही सुधार कर लिया जाएगा।

### सरपंच ने बोर आपरेटर पर फोड़ा ठीकरा

सरपंच टिकरी अहिल्या चुरेंद्र ने कहा कि दवा डाली गई है। पूर्व में हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जेसीबी के माध्यम से लिकेज वाले स्थान को खोदकर सुधार करने का प्रयास किया गया था। लेकिन बोर चालू बंद करने वाले ऑपरेटर ने अलग तरीक़े से सुधार करने की बात कहते हुए मना कर दिया। वर्तमान में जिस बोर से गंदा पानी आ रहा था, उस पानी की सप्लाई रोककर टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। सामान आ चुका है, जल्द सुधार काम शुरू हो जाएगा।

## मालगाड़ी में पत्थरबाजी के मामले में एक अपचारी बालक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा



अपराध : दल्लीराजहरा से भिलाई के बीच कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना
मालगाड़ी पर पत्थरबाजी, लोको पायलट घायल
अगले स्टेशन पर उतारकर पहुंचाया अस्पताल

मालगाड़ी में कुसुमकसा रेलवे स्टेशन के पास हुई पत्थरबाजी के मामले में रेलवे पुलिस ने एक अपचारी बालक को पकड़कर बाल न्यायालय के समक्ष पेश किया। गौरतलब है कि इस घटना में मालगाड़ी के पायलट थानेश्वर सिंह के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद दूसरे पायलट की व्यवस्था कर ट्रेन को रवाना किया गया था।

संजीव कुमार सिन्हा थाना प्रभारी आरपीएफ दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को करीबन 14.22 बजे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रायपुर से प्राप्त मैसेज नं 400 के आधार पर पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में सहायक उप नि के वर्मा व स्टाफ के साथ 14.30 बजे सड़क मार्ग से घटना स्थल के लिए रवाना हुए। चूंकि घटना स्थल रेसुव पोस्ट दुर्ग से लगभग 60 किमी दूर होने के कारण पोस्ट प्रभारी रेसुब पोस्ट दल्लीराजहरा को घटना स्थल पर स्टाफ भेजने हेतु सूचित किया गया। उक्त घटना ▶▶ शेष पेज 12 पर

## कुछ दिन पहले बनी सीसी सड़क हुई जर्जर, ठेकेदार को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

26 सितंबर को वार्ड क्रमांक 12 में उपाध्यक्ष विद्या शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी चौबे ने नालियों व गलियों की साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने आक्रोशित होकर बताया कि नरेन्द्र कुमार सिन्हा के घर के पास सी.सी.रोड जो हाल ही में बना, वह जर्जर हो गया है। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उक्त वार्ड में अन्य कार्यों का कार्यादेश जारी हो चुका है, किन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें भी नोटिस जारी करने को कहा गया।

इसी प्रकार अन्य वार्डों में जो कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं, उन्हें भी नियमानुसार निरस्त करने की कार्यवाही किए जाने की बात सीएमओ द्वारा कही गई।



## खबर संक्षेप



### अपेक्स बैंक की नवीन शाखा खोलने का मिला लाइसेंस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) की 25 वी वार्षिक आमसभा बुधवार को हुई। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा (आईएएस) द्वारा बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करते हुए कहा कि, अपेक्स बैंक की अंशपूजी 218.13 करोड़, निधियां (रिजर्व) 640.48 करोड़, ऋण एवं अमानत राशि 8440.88 करोड़, स्वयं की निधियां 429.27 करोड़ है। इस वर्ष अपेक्स बैंक 36.32 करोड़ लाभार्जन किया। उन्होंने कहा कि, रिजर्व बैंक से अपेक्स बैंक की तमनार तथा बगीचा में नवीन शाखा खोलने की अनुमति मिल गया।

### अनियमित संगठनों को सदस्य बनाने सांसद बघेल ने सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर।** बीजेपी घोषणापत्र मोदी गारंटी में सभी संगठनों के दो-दो पदाधिकारी को अनियमित कमेटी (बारीक कमेटी) में सदस्य बनाने का वादा किया गया है। बारीक कमेटी के गठन को हुए 5 माह होने जा रहे हैं, परंतु इस दिशा में कोई भी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। अधिकारियों की अनदेखी से भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है। दैनिक श्रमिक मोर्चा ने इस संबंध में भाजपा सांसद विजय बघेल एवं तत्कालीन संयोजक घोषणापत्र समिति भाजपा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने सांसद श्री बघेल को अवगत कराया कि अनियमित कर्मचारियों में 18 अलग-अलग प्रकार के कर्मचारी हैं। इनमें सभी का नियमितीकरण स्थाईकरण संभव नहीं है।

### रोहिणीपुरम तालाब परिसर में चलाया सफाई अभियान



**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने गत दिनों को रोहिणीपुरम तालाब परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान संस्था के 40 से ज्यादा सदस्यों ने 4 घंटे तक परिसर की सफाई की। ये अभियान आगामी कुछ हफ्तों तक लगातार जारी रहेगा।

### सिविल लाइन में चलाया सदस्यता अभियान



**रायपुर।** बीजेपी का महासदस्यता अभियान में बुधवार को बूथ नंबर 18 सिविल लाइन वार्ड रायपुर दक्षिण विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील सोनी, जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, डा. एनडी गजवानी, बॉबी खनूजा, तोषण साहू, खिलेश्वरी यादव, सुनीता तिवारी, मानसी साहू उपस्थित थे।

# गंगा मइया पावनधाम झलमला में नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, प्रतिदिन होंगे विविध कार्यक्रम

## 3 अक्टूबर को 900 ज्योतिकलशों की स्थापना के साथ होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंगा मइया पावनधाम झलमला में शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2024 का शुभारंभ 03 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे 900 ज्योतिकलशों की स्थापना के साथ होगा। हवन 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से एवं शोभायात्रा 12 अक्टूबर को संध्या 5 बजे से प्रारंभ होगी। 11 अक्टूबर को महाअष्टमी के अवसर पर दोपहर 4 बजे से मंदिर ट्रस्ट एवं कन्याभोज दानदाताओं के सौजन्य से विशाल कन्याभोज का कार्यक्रम आयोजित है। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से वृन्दावन के आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों द्वारा शत चण्डी यज्ञ तथा दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ होगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला 7 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें जय गुरूदेव संकीर्तन मानस मंडली हरदी, गरियाबंद के कीर्तनकार नारद शरण द्वारा भक्तमाल कथा प्रसंग पर श्री हरिकीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। गंगा मइया धर्ममंच में पहली बार किसी जैन मुनि के आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन इस बार किया गया है। जैन मुनि संत ऋशभ सागर जी म.सा. की अमृतवाणी से 7 से 9 अक्टूबर तक प्रतिदिन 4:15 बजे से 5:15 बजे तक भक्तजन दिव्य ज्ञान से लाभान्वित होंगे। प्रतिदिन दोप. 2 से 4 बजे तक 8 से 10 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हैं, जिसमें 8 अक्टूबर को जय गुरूदेव संकीर्तन मानस मंडली फिंगेश्वरी, गरियाबंद के कीर्तनकार पिलेन्द्र शरण द्वारा माता सीता जन्म प्रसंग पर श्री हरिकीर्तन की प्रस्तुति होगी। 9 अक्टूबर को चारोधाम रामधुनि मंडली बारना, धमतरी के कथाकार किशनलाल साहू द्वारा भक्त पूरनमल प्रसंग पर संगीतमय झांकीयुक्त रामधुनि, 10 अक्टूबर को बिहाव बाजा धुन में रामधुनि लोकनृत्य परिवार तुमड़ीकसा घोटिया के गायक पिन्टु पद्माकर द्वारा राजा मोरजध्वज प्रसंग पर संगीतमय झांकीयुक्त रामधुनि प्रस्तुत की जाएगी। 12 अक्टूबर महानवमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रेंगाडबरी की वि"ाेश प्रस्तुति में संचालक प्रकाश देशमुख एवं साथियों द्वारा सुरसंध्या लोकगीत, नृत्य एवं प्रहसन की आकर्शक प्रस्तुति होगी।

### माता सेवा गायन प्रतियोगिता

3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक प्रतिदिन 4 बजे से 6.30 बजे तक एवं रात्रि 8 से 9:30 बजे तक संगीतमय माता सेवा गायन प्रतियोगिता आयोजित है जिसमें अंचल की सेवाभावी 10 मातासेवा गायन मंडलियों अपनी प्रस्तुती देंगी। प्रतिदिन संध्या 7 बजे मां भगवती गंगा जी की संध्या–आरती होगी। भक्तजनों के लिए पूड़ी–सब्जी सेवा, भोग–प्रसाद सेवा, दालभात प्रसादी सेवा, माताजी के प्रसाद के पैकेट की सुविधा एवं निःशुल्क जूता–चप्पल स्टैण्ड की सुविधा पूर्ववत जारी रहेगी। कैलाश गुफा भी आकर्शण का केन्द्र होगा। इस बार परिसर में 16 सीसीटीव्ही. कैमरों से निगरानी व्यवस्था संचालित रहेगी।



### रात्रि में मनोरंजन के लिए नाचा पार्टियों की प्रस्तुति

रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नाचा एवं गम्मत की प्रस्तुति 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक होगी। 8 अक्टूबर को आकाशगंगा नाचा पार्टी दाउटोला मोहला मानपुर द्वारा परदेसी के मया प्रसंग पर, 9 अक्टूबर को भुलेबिसरे नाचा पार्टी मोंगरापाली महासमुंद द्वारा अंगना के तुलसी प्रसंग पर, 10 अक्टूबर को मयारू भाई छ.ग. नाचापार्टी भाटगांव बी, बालोद द्वारा भाई–भाई का प्यार प्रसंग पर तथा 11 अक्टूबर को शिवभोला नाचा पार्टी ठाकुरटोला, राजनांदगांव द्वारा गंगा की पुकार प्रसंग पर प्रस्तुति दी जाएगी।

## कहा- गंदगी और बदबू के कारण सांस लेना हुआ मुश्किल, और कई आरोप

# पोल्ट्रीफार्म बंद करने की मांग को लेकर लामबंद हुए ग्रामीण, कलेक्टोरेट पहुंचे, दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम पेटेचुवा में संचालित लव कुश पोल्ट्रीफॉर्म की गंदगी, बदबू व मनमानी के खिलाफ ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

वनाचल क्षेत्र में स्थित ग्राम पेटेचुवा से ज्ञापन सौंपने आए सैकड़ों ग्रामीणों को कलेक्टर कार्यालय परिसर के सामने ही गेट पर रोक दिया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जमकर नारेबाजी की। उसके बाद गेट के बाहर ही प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीण नागेश्वर सलाम, गीता बाई नेताम का आरोप है कि लव कुश के नाम से संचालित पोल्ट्री फॉर्म के लिए पंचायत द्वारा एनओसी नहीं दिया गया है, बावजूद इसके पोल्ट्री फॉर्म का संचालन किया जा रहा है, जिसकी उचित जांच कर कार्रवाई की जाए। वहीं गाँव में संचालित लव कुश नामक पोल्ट्री फॉर्म की जमीन का सीमांकन किया जाना चाहिए। उन्होंने आदिवासी जमीन को अनुचित तरीके से खरीदी बिक्री का आरोप लगाते हुए उसकी भी जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि पोल्ट्री फॉर्म से निकलने वाला दूषित पानी, मक्खी और बदबूदार हवाओं के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो रहा है। हमें अपनी स्वास्थ की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पोल्ट्रीफॉर्म में छोटे नाबालिग बच्चों से भी काम करवाया जाता है। इसके साथ ही आरोप लगाया कि काम करने वाले मजदूर श्रमिकों के साथ में मजदूरी देने के नाम पर शोषण किया जा रहा है।





### जांच व कार्रवाई के लिए दिया अल्टीमेटम

सरपंच बल्ला कुंजाम ने बताया कि लव कुश पोल्ट्रीफॉर्म की गंदगी से पनपे मक्खी के कारण आसपास के ग्रामवासी बहुत ज्यादा परेशान हैं। इसके कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसके साथ ही पोल्ट्रीफॉम से निकले अपशिष्ट अवशेष को खुले में छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण किसानों का खेती कर पाना मुश्किल हो रहा है। इसलिए पोल्ट्रीफॉर्म को बंद करने की मांग प्रशासन से की गई है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन को 10 दिनों के भीतर पोल्ट्रीफॉर्म के मामले में उचित जांच व कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही तय सीमा में कार्रवाई नहीं किए जाने पर राजा राव पठार नेशनल हाईवे 30 पर धरना प्रदर्शन करने

### जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

ग्रामीण पोल्ट्रीफार्म में नाबालिगों से काम कराए जाने सहित अन्य कई शिकायतें एवं मांग लेकर पहुंचे थे। मामले की जांच कराई गई है, जांच रिपोर्ट आने पर नियम अनुसार कारवाई की जाएगी।

- **इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल,** कलेक्टर

# वापस नहीं मिलते 10-20 रुपए, मदिरा प्रेमियों ने मांगी ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले की शराब दुकानों में चिल्लर के नाम पर अतिरिक्त राशि लेने की शिकायत आम

ऑनलाईन पेमेंट के इस युग में आज भी जिले की शराब दुकानों में बिना नकदी कोई लेन देन नहीं होता, जिससे शराब प्रेमियों को चिल्हर की समस्याओं से दो चार होने के साथ चिल्हर न होने पर पैसे वापस नहीं मिलने से नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

जिले की शराब दुकानों में वर्तमान में लेन देन का कार्य नकद किया जा रहा है और ऑनलाईन पेंमेट नहीं लिया जा रहा है। कोरोना काल के समय शासन प्रशासन द्वारा ऑनलाईन पेंमेट की सुविधा प्रदान की गई थी, लेकिन कोरोना काल के बाद फिर नगद लेन देन ही हो रहा रहा है।

दिलेश्वर साहू, रामप्रसाद साहू, राजेन्द्र साहू, गोपेन्द्र साहू, रूपेन्द्र साहू ने बताया कि शराब लेने के लिए जिले के शराब दुकानों में जाने पर नकदी ही लिया जाता है। ऑनलाईन पेमेंट करने के लिए कोई विकल्प ग्राहको को नहीं दिया गया है। कई बार चिल्हर नहीं होने पर बड़ा नोट देने पर 10–20 रूपये वापस ही नहीं किया जाता। इससे कई बार वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इसलिए कई शराब प्रेमियों ने शराब दुकानों में ऑनलाईन पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि चिल्हर के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, साथ ही वाद विवाद की स्थिति से भी बचा जा सकेगा।



### ब्रांड के नाम पर भी खेल

इसी तरह कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि वर्तमान में शराब विक्रेताओं द्वारा ब्रांडेड शराब का नाम लेने पर उसका पैसा तो बराबर ले लिया जाता है, लेकिन उस ब्रांड की शराब न देकर दूसरे ब्रांड की शीशी थमा दी जाती है। ऐसे में उन्हें मनपंसद ब्रांड नहीं मिलने पर मजबूरी में दूसरी ब्रांड की शराब पीनी पड़ती है।

# राष्ट्रीय जनगणना व ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर रैली आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 के फॉर्मेट में ओबीसी के लिए कोड नंबर 13 में पृथक से कोड नंबर निर्धारण कर जनगणना किए जाने एवं छत्तीसगढ़ में लंबित ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मशाल रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी तारतम्य में बालोद जिला में 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे रैली निकाल ज्ञापन दिया जाएगा।



प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने बताया कि राष्ट्रीय जनगणना में अनुसूचित जाति, एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनगणना तो होती है ,किंतु राष्ट्रीय जनगणना फार्म में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नंबर नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना नहीं होती। उन्होंने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोगों द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना कराये जाने की अनुशंसा की गई है। राष्ट्रीय जनगणना 2011 में पृथक से अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित करने का प्रयास किया गया, किंतु आंकड़े आज पर्यंत जारी नहीं किए गए। उन्होंने मांग की कि लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 के जनगणना फॉर्मेट के कॉलम नंबर 13 में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नंबर 3 और सामान्य वर्ग के लिए कोड नंबर 4 शामिल कर जनगणना अविलंब की जाए तथा जनगणना के बाद आंकड़े प्रकाशित किए जाएं, जिससे ओबीसी समाज भारत देश के मतदाता होने के नाते जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी प्राप्त कर सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरर ब्लॉक स्थित एक ग्राम के ग्रामीणों ने सात साल की नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। घटना के चार दिन बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

वनांचल क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। लेकिन, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें कलेक्टर कार्यालय परिसर के सामने ही रोक दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व वनांचल क्षेत्र के एक गाँव में एक नाबालिग बालिका के दैहिक शोषण का मामला सामने आया था, जिसकी शिकायत परिजनों ने नजदीक थाना गुरुर में शिकायत की थी। उसके बाद घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। लेकिन, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक फरार है, जिसकी गिरफ्तारी की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा बहुत जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि दस दिनों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किए जाने पर राजा राव पठार नेशनल हाईवे 30 पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# बाजार में दशरेली फुटू की बंपर आवक

**डौंडीलोहारा।** इन दिनों बाजार में दशरेली फूटु की बंफर आवक हो रही है। यह नगर के चौराहों पर सुबह से शाम तक बिकने के लिए उपलब्ध है। इस समय निकलने वाले फुटू को लोकल भाषा में दशहरी व माई फूटु भी कहते हैं। फूटु के चाहने वाले लोग इसकी सब्जी को बड़े चाव से खाते हैं। यह फूटू मोटा व गुदेदार होता है, जबकि सावन महीने में निकलने वाला फूटु रेशेदार होता है। फूटु अच्छा पाचक व पौष्टिक होता है। फूटु जंगलों में उगता है, जिसे ग्रामीण एकत्रित कर बाजार में लाकर बेचते हैं। फूटु एकत्रित करने वाले ग्रामीणों के लिए यह आय का अच्छा साधन है। फूटु बेचने वाले एक ग्रामीण ने बताया कि इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के कारण फूटु अत्यधिक मात्रा में फूट रहा है, जिन्हें उखाड़ कर लाकर बेच रहे हैं। आवक अधिक होने से दाम कम है, जबकि इसके लिए मेहनत अधिक करनी पड़ती है।



# स्वास्थ्य संयोजक संघ के सदस्यों ने बीएमओ से की मुलाकात

**गुरूर।** स्वास्थ्य संयोजक संघ के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ खण्ड चिकित्सा अधिकारी से भेंट की। विकास खंड गुरूर में नव पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारती का स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने सम्मान किया। इसके साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं को अवगत कराया और उनके निराकरण का आग्रह किया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बी.ई.टी.ओ. केआर उर्वशा, स्वास्थ्य संयोजक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष परमेश्वरी ठाकुर, मालती सलाम, सुनील सिन्हा, दिलीप पड़ौती, रघुवीर साहू, युधन साहू, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, भुवन साहू, गिरवर बंजारे विकास साहू एवं सदस्य उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने शासन की विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। चन्द्रवाल ने सभी राजस्व अधिकारियों को आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसका समुचित प्रचार–प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने भू–अर्जन, नक्शा बाटंकन, सीमांकन, त्रुटि सुधार आदि के प्रकरणों के अलावा राजस्व अधिकारियों के वन्य ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु की जा रही प्रक्रिया के अलावा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य की समीक्षा ली। चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को आम जनता के समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें सहूलियत प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश दिए।



### लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी लें आवेदन

चन्द्रवाल ने कहा कि आम जनता के राजस्व संबंधी सीमांकन आदि प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन राजस्व न्यायालयों के अलावा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी आवेदन लेने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। जिससे कि आम नागरिकों को अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सहुलियत हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदकों को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

### जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करें : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को जिले में प्रगतिरत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विकासखण्डवार जल जीवन मिशन कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विकासखण्डवार योजनाओं की संख्या, ग्रामों की भौतिक प्रगति, जल प्रदाय की स्थिति आदि की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्य पूरा होने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू ने दिसंबर 2024 के अंत तक जिले में जल जीवन मिशन के कार्य पूरा हो जाने की जानकारी दी। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### मालगाड़ी में ...

की सूचना दल्ली राजहरा पुलिस थाना के प्रभारी को भी दी गई। रेसुब पोस्ट दल्लीराजहरा के प्रधान आरक्षक जे एल कौशल तथा दल्ली राजहरा पुलिस थाना के स्टाफ ने घटना स्थल रेलवे स्टेशन कुसुमकसा के (एडवांस स्टार्टर सिग्नल) पर पहुंच कर ऑन ड्यूटी पॉइंट्स मैन से घटनास्थल पर पूछताछ की। इस पर उन्होंने अपचारी बालक उम्र 13 वर्ष पिता कुशल जोगी उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला अंतर्गत थाना इन्होना क्षेत्र निवासी की पहचान कराई। इस पर प्रधान आरक्षक जे एल कौशल ने अपचारी बालक व उसके पिता को घटना स्थल पर रोककर रखा तथा पोस्ट प्रभारी दुर्ग को सूचित किया।

घटनास्थल पर पहुंचने के पश्चात कुसुगकसा स्टेशन के ऑन ड्यूटी पॉइंट्स मैन से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उस बालक को पत्थर लेकर आते देखा था। उनका बयान दर्ज कर अपचारी बालक उम्र 13 वर्ष पिता कुशल जोगी का बयान लिया गया। उन्होंने बताया कि उनका पेशा घूम घूम कर जीवन यापन करना है। अपचारी बालक ने बताया कि उसने खेल-खेल में मालगाड़ी पर पत्थर फेंक दिया था। उसके बाद दल्ली राजहरा पहुंच कर मालगाड़ी के पायलट थानेश्वर सिंह का बयान लिया गया। उधर अपचारी बालक के विरुध्द रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग में अपराध कंमाक 2770/24 धारा 153 रेल अधिनियम दिनांक 25.09.2024 पंजीबद्ध किया गया तथा बाल न्यायालय पुलगांव दुर्ग के समक्ष पेश किया जायेगा।

### उत्कृष्ट नवाचारी ...

स्पोट्‌र्स, विज्ञान, साहित्य, सांस्कृतिक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## खबर संक्षेप

### ड्राइवर महासंगठन ने की नियमों का पालन करने की अपील

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन जिला बालोद व जिला धमतरी ने संगठन के सदस्यों से नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की है। जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष नोहर सिंग साहू, सचिव सोमनाथ साहू ने कहा कि परिवहन, यातायात एवं पुलिस विभाग द्वारा जांच के दौरान बिना वर्दी, आईडी एवं बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। इसलिए नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाने को कहा गया है। वहीं, वाहन चलाने के दौरान नशा नहीं करने की भी अपील की गई है।

### विश्व नदी दिवस मनाया

**दुर्ग।** शहर वार्ड 58 उरला बीड़ी कॉलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र प्रांगण में हंसराज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा निरंतर गिरते भूजल स्तर में सुधार की महत्ता बताते हुए नदियों के संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इसमें वास्तविक जरूरतमंद लोगों के बनाए हुए गरीबी रेखा का राशन कार्ड वितरण व वृक्षारोपण भी किया गया। इस नेक कार्य में प्रमुख रूप से प्रेम चंद्राकर, छविकांत बघ्घे, जितेंद्र वाघमारे, भिवराम ढेकवार, अर्जुन साहू, भूपेंद्र साहू, झमित ठाकुर, मनप्रीत कौर, आम्रपाली मेश्राम, रीतू राजपूत आदि उपस्थित थे।

### पुण्य भूमि भारत विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु तीन सप्ताह के इंडक्शन कार्यक्रम के तहत द्वितीय दिवस पुण्य भूमि भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय एवं विवेकानंद यूथ सर्कल के वरिष्ठ समाजसेवी रोशन साहू, विक्रांत मिश्रा एवं संजय तिवारी के सानिध्य में दीप प्रज्वलन कर विधिवत आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ रचना सिंह एवं विभाग के व्याख्याता डॉ राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विद्युत डॉ साजी टी चाको एवं संस्था परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे।

### संजय सिंह बने आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष


**दुर्ग।** युवा नेता संजय सिंह को आम आदमी पार्टी का दुर्ग शहर अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति आप के छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा, सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया, गैरी बिरिंग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू द्वारा की गई है। आप के नवनियुक्त दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह कसारीडीह वार्ड क्रमांक-42 के पूर्व पार्षद रह चुके है।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए 3 तक आवेदन

**दुर्ग।** अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री अभ्युदया योजना अंतर्गत कौशल विकास के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। प्रशिक्षण संयोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसायन उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की संस्था एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र रसमड़ा दुर्ग के माध्यम से निरूशुल्क आवासीय जिसमें निवास भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रशिक्षण दिया जाना है, प्रशिक्षण सफलतापूर्वक होने के उपरांत देश के विभिन्न निर्माण उद्योगों से रोजगार की सहायता दी जाएगी।

## निधन

### प्रकाश चंद कुचेरिया



**बालोद/कुसुमकसा।** ग्राम कुसुमकसा निवासी प्रकाश चंद कुचेरिया 74 वर्ष का राजस्थन के भीलवाड़ा में स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर को कुसुमकसा से निकलेगी। वे कंवरलाल कुचेरिया, भतीजे संतोष, आशीष जी, जसराज कुचेरिया कुसुमकसा के भाई व मोती लाल कुचेरिया के पिता तथा नैतिक, आरव के दादा थे।

---

### शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

# लोक गायक कांतिकार्तिक ने स्वयंसेवक रहने के दौरान मिले अनुभव साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा









शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित लोकगायक व गीतकार कांतिकार्तिक यादव थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि एमआईएस प्रशासक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद सृष्टि महोबिया, डीएसपी एवं एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अजीत ओगरे, स्वयंसेवक कौशल गजेन्द्र व रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति थे।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रश्मि सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और योगदान को बताया और सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांतिकार्तिक यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने अनुभवों और उपलब्धियों को स्वयंसेवकों को साझा किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत समाजिक जागरूकता कार्य के लिए राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में हिस्सा लेकर कर्तव्य पथ पर परेड किया, साथ ही इंटरनेशनल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चीन में छत्तीसगढ़ सहित भारत का प्रतिनिधित्व किया। युवा लोकगायक ने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। विशिष्ट अतिथि सृष्टि महोबिया ने प्रेरणादायी कहानी के माध्यम से अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए जीवन के आदर्श मूल्यों को अपनाने हेतु युवा विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

#### नशे से दूर रहने की दी सीख

विशिष्ट अतिथि अजीत ने स्वयंसेवकों को अपने जीवन के अनुभव और कार्यों को बताया। स्वयंसेवकों को नशा से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक इंस्टाग्राम का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने को कहा व साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक मोहित याद्व, राजेश कुमार, शुभम देशमुख, सुदर्शन साहू,पूजा कुंभकार, पार्वती, कामिनी साहू, रेशमी साहू, राजेन्द्र पटेल, हेमचंद भारती, ओमप्रकाश साहू, युवाकांत सिन्हा, प्रणव तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### प्रतियोगिता में इन्होंने मारी बाजी

कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जया सिन्हा, द्वितीय स्थान वैभव देशमुख, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल निषाद, द्वितीय स्थान यामिनी देवांगन, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल निषाद, द्वितीय स्थान रेणुका कांशी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक राकेश कुंभकार, दानेश्वर सिन्हा, यशवंत कुमार टंडन ने किया। आभार स्वयंसेवक दानेश्वर सिन्हा ने व्यक्त किया।

---

# छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए अंचल के साहित्यकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन एवं रजत जयंती समारोह में बालोद जिले के साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, जिला अध्यक्ष केशव राम साहू, गजपति राम साहू, दिगेंद्र कुमार, धर्मेंद्र श्रवण शामिल हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महंत श्यामसुंदर दास दूधाधारी मठ, पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग विनय कुमार पाठक, सचिव राजभाषा आयोग डॉ अभिलाषा बेहार, प्रांतीय अध्यक्ष कान्हा कौशिक अतिथियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकारों के काव्य संग्रह एवं कहानी संग्रह का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गजपति राम साहू ने अपनी मौलिक प्रकाशित काव्य संग्रह ज्ञान सेतु, भक्ति सरोवर, नीति वाटिका, सूक्ति सरिता, जीवनदीप जले, सीख संपदा आम अमली के बिहाव की प्रति अतिथियों को भेंट की।

# गुरूर थाना क्षेत्र में हुई घटना की जांच करेगी आप की टीम

**बालोद।** जिले के गुरुर थाना क्षेत्र में 7 वर्ष की नाबालिग के साथ हुए जघन्य अपराध की जांच के लिए आम आदमी पार्टी ने जांच टीम गठित की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की धरती पर एक बार फिर 7 साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के कारण शर्मसार हो गया है। मामला गुरुर विकास खण्ड के एक गांव में संचालित पोल्ट्री फार्म का बताया जा रहा है, जहां पर सात वर्ष की एक मासूम बेटी के साथ अनैतिक कृत्य की घटना हुई है। जांच टीम शनिवार को मामले की जांच करने पहुंचेगी, वहीं मामले को लेकर आम आदमी पार्टी गृह मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री का पुतला दहन करेगी।

---

# देवारभाट निवासी कोमल सिंह के परिवार को कच्चे मकान से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरा हुआ अपने पक्के घर का सपना






रोजी मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देवारभाट के निवासी कोमल सिंह का परिवार को अब कच्चे मकान से मुक्ति मिल गई। कोमल सिंह का परिवार काफी लंबे समय से कच्चे मकान में निवासरत था। उन्हें जर्जर हो चुके अपने कच्चे मकान में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कोमल सिंह के परिवार की इन समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के बालोद जिले में बेहतर क्रियान्वयन से संभव हुआ है। कोमल सिंह ने बताया कि उनका आवास काफी जर्जर हो चुका था। बारिश के दिनों में कच्चे छत से पानी का टपकना, घर में पानी का भर जाना और कभी भी जर्जर मकान के ध्वस्त होने का डर बना रहता था। रोजी–मजदूरी से ही घर का खर्च चलता है जिसमें अपने घर को पक्का बनाने में वे एवं उनके परिवार सक्षम नही थे। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास की स्वीकृति मिली तो उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने योजना के तहत आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि आते ही उन्होंने अपने घर का निर्माण शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में उसके घर के निर्माण कार्य में तेजी आई और अब उनका आवास पूरी तरह पूर्ण हो चुका है। जहाँ कोमल सिंह और उसका परिवार खुशी–खुशी निवासरत है, अब उन्हें पक्का आवास में रहन–सहन में कोई समस्या नहीं आती है। कोमल सिंह और उसके परिवार ने पक्का आवास निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

---

## बारिश के बीच प्रस्तुति...





**बालोद।** जिले के कई ग्रामों में पितृ पक्ष की नवमी व दशमी के अवसर पर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न प्रतिभागी मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। इस बीच जिले के कई ग्रामों में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिताओं के पहले ही दिन जिले में सुबह से ही तेज बारिश का सिलसिला देखने को मिल रहा है। यह तस्वीर ग्राम हीरापुर में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता की है। इसमें रोचक तस्वीरें सामने आ रही हैं, जहां दूर-दूर के ग्रामों से पहुंची रामधुनी मंडलियों के कलाकार अपनी साज सज्जा वेषभूशा में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इस बीच बारिश होने पर वे छाता लेकर अपनी प्रस्तुति देते रहे। इस दौरान समितियों के सदस्य कलाकारों को मंच तक लाने और उन्हें वापस सुरक्षित स्थान तक छोड़ने का काम कर रहे हैं। दर्शक रामधुनी प्रतियोगिता का आनंद लेना भी चाहते हैं वे मंचों के आस पास सुरक्षित स्थानों पर खड़े होकर बारिश से बचते बचाते मंडलियों के कलाकारों का उत्साह वर्धन कर रहे हैं।

---

# दो घंटे झमाझम बारिश, कहीं राहत, कहीं आफत

## आम जनों को गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर 1 बजे से करीब 2 घंटे तक झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से जहां मौसम में नमी आई है, तो वहीं लगातार खराब मौसम से किसानों के फसलों को खासा नुकसान पहुंचने लगा है।

दरअसल खेतों में लगे धान के फसल लगभग 60 प्रतिशत तैयार हो चुकी है, जो आगामी एक से डेढ़ माह में पूरी तरह तैयार हो जाएगी। ऐसे में फसल को लेकर किसानों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि बारिश की वजह से फसल नुकसान होने की संभावना है। इधर शहरी क्षेत्रों में बारिश की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि बीते दो–तीन दिनों से रुक रुककर बारिश होने का सिलसिला जारी है। ऐसे में मौसम में ठंडकता बढ़ी है और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

#### जर्जर सड़कों पर भरा पानी, गुजरना हुआ मुश्किल

जिला मुख्यालय के गली मोहल्लों में सड़कों की खराब स्थिति के कारण लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गड्ढे और उन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से लोगों को आवाजाही करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

---

# रमतरा में शुरू हुई रामधुनी प्रतियोगिता, समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




बुधवार को समर्पण युवा दल एवं ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।


मुख्य अतिथि नेतराम साहू ने कहा कि जब भी युवा वर्ग कोई अच्छा काम करता है तो धनराशि को भी नेक कार्य में उपयोग करना चाहिए, गलत कार्यों में खर्च न करें। सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रतापचंद साहू ने कहा कि भगवान राघवेंद्र सरकार के अच्छे विचारों को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। सरपंच भानपुरी अरुण साहू ने कहा कि तीन दिवसीय रामधुनी कार्यक्रम में सभी नशे से दूर रहें, तभी यह आयोजन सार्थक होगा। सरपंच सातो बाई ठाकुर ने कहा कि आज युवा वर्ग अच्छे कामों की शुरुआत कर गांव में भगवान राघवेंद्र सरकार की गाथा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। यह प्रति वर्ष निरंतर जारी रहे ग्रामीण आप सभी के साथ है। कार्यक्रम को दुलार साहू, मुरली साहू ने भी संबोधित किया।

27 सितम्बर को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानपाठक खोलझर पवन कुमार बम्बोडे होंगे, अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू करेंगी। भुनेश्वर साहू घोटिया, देवनारायण बोडरा, डा हेमन्त ग्वालेन्द्र धनेली, भारत लाल हिरवानी, झम्मन हिरवानी, भारत साहू, भोला राम गंजीर पेंवरो विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

---

# सोनईडोंगरी में लगा एनएसएस का एक दिवसीय विशेष शिविर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सोनईडोंगरी में किया गया।

महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना शिवरार्थियों ने ग्राम सोनईडोंगरी में परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव में साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। साथ ही खेलकूद का आयोजन भी किया, जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थी के साथ गांव वालों ने भी भाग लिया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी ऐनु कोठारी थीं, अध्यक्षता महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति दुलारू राम साहू, अध्यक्ष भाजपा मण्डल गुरूर कौशल साहू, अधिवक्ता रामसहाय साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति नुतन किशोर साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक डोमेश कुमार सिन्हा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिन्हा, उपासना गंजीर, दुर्गेश्वरी पटेल, माधुरी सिन्हा, तेजेश्वर कुमार सिन्हा, मुरली सिन्हा, नरेन्द्र खोब्रागढ़े, हुमन लाल गंजीर, राकेश कुमार पारकर, खेमप्रकाश कटेन्द्र, मुकेश कुमार साहू, वरूण कुमार साहू व ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी के वार्ड पंच व पदाधिकारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## भाजपा मंडल गुण्डरदेही ने मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। साथ ही स्वच्छता अभियान व भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान भी चलाया गया। मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने बताया कि सदस्यता अभियान के लिए गुण्डरदेही मंडल के प्रत्येक बूथ में 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तक 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे मंडल गुण्डरदेही के कार्यकर्ता लक्ष्य को प्राप्त कर अभियान को गति देते हुए प्रत्येक गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मना कर सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अश्वनी यादव, सौरभ चोपड़ा, कोमल सोनकर, हरीश निषाद, शंकर यादव, सूरज यादव, सोहन सिन्हा, ईश्वर यदु, मुकेश साहू, दयाराम सिन्हा उपस्थित थे।

## जिला सदस्यता प्रभारी एवं सह प्रभारियों की घोषणा

**बालोद।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 को गति देने के लिए प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना की अनुशंसा पर सदस्यता अभियान के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी कांति लाल भोथरा एवं सह प्रभारी प्रमोद जैन ने दुर्ग संभाग के कुल 7 जिलों बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, कबीरधाम, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी एवं राजनांदगांव के लिए जिला सदस्यता प्रभारी एवं जिला सदस्यता सह प्रभारी की घोषणा की है। इसके लिए बालोद जिला में जिला संयोजक गोविन्द वाद्यवानी, जिला सह संयोजक राजेन्द्र जैन, जिला प्रभारी जयदीप गुप्ता, जिला सहप्रभारी रमेश जैन को बनाया गया है।

## ग्राम पंचायत धमना में चला स्वच्छता अभियान



**जामगांव आर।** नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा भारत अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत धमना में किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नव युवा मित्र मंडल के युवाओं ने प्लास्टिक एकत्रित कर उसका निष्पादन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने सभी युवाओं से स्वच्छता पखवाड़ा में भागीदारी करने का आग्रह किया है, जिससे स्वच्छता का संदेश सभी लोगों तक पहुँचे। इस अवसर पर भुवन लाल, प्रेमशंकर, छत्रपाल, ढाल सिंह, मुकेश कुमार, समिति के कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। सभी लोगों को स्वच्छता के लिए आगे आना चाहिए।

### आयोजन : शिविर में मिले 491 आवेदन, 70 का मौके पर ही किया गया निराकरण

# नाहंदा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम नाहंदा एवं आसपास के ग्रामीणों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनेक सौगात मिला।

शिविर में ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर निराकरण होने तथा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अंचल के अनेक ग्रामीणों के लाभान्वित होने से यह शिविर अंलचवासियों के लिए सौगातों भरा साबित हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 491 आवेदनों में से कुल 70 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर में अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, डॉ. संजय कन्नौजे ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर आम जनता से कुल प्राप्त आवेदन तथा उनके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में लगाए गए सुपोषण कलश का दीप प्रज्ज्वलित किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत शिविर में उपस्थित लोगों को बच्चों, किशोरों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त तथा स्वस्थ्य एवं मजबूत रखने के साथ–साथ स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा इस कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। शिविर में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, व अन्य अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को नया राशनकार्ड प्रदान किया गया। शिविर में 02–02 दिव्यांगों को ट्रायसायकल एवं छड़ी तथा 03 श्रवणबाधित महिलाओं को श्रवण यंत्र भी प्रदान किया गया। शिविर में 05 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड एवं 13 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास स्वी—ति पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही —षि विभाग के मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सहेली महिला स्व सहायता समूह जेवरतला, एवं भवनी स्व सहायता समूह नाहंदा तथा नवज्योति स्व सहायता समूह सहित तीनों स्व सहायता समूह को 01 लाख 50 हजार रुपये का बैंक लिंकेज ऋण वितरण किया गया।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा जनपद सदस्य राजाराम तारम एवं राजेश साहू सहित ग्राम पंचायत नाहंदा के सरपंच संतराम तारम के अलावा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

शिविर मे कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने बारिश के उपरांत भी शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन एवं उद्देश्यों के संबंध में भी जानकारी दी। चन्द्रवाल ने कहा कि नाहंदा जैसे जिला मुख्यालय से दूरस्थ ग्राम एवं आदिवासी बाहुल्य डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन निश्चित रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड में बेहतर कार्य करने की व्यापक संभावनाएं है। चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में कारगर प्रयास भी किए जा रहे हैं।

उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों एवं जिलेवासियों से गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा नन्हें बच्चों को कुपोषण के अभिशाप से मुक्ति दिलाने हेतु जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की भी अपील की।

इस अवसर पर कलेक्टर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिथियों के द्वारा नन्हें–मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया एवं गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भी प्रदान किया गया।

## इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने किया रक्तदान



**बालोद।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर के बाद डायरेक्ट मरीज से दवाइयों के माध्यम से मुलाकात की मुख्य कड़ी फार्मासिस्ट हैं, जो दवाइयों के बारे में सही जानकारी बताते हैं। ऐसे में फार्मासिस्ट दिवस पर बालोद और दुर्ग के आईपीए की संयुक्त टीम ने जिला चिकित्सालय बालोद में ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिले के फार्मासिस्ट भी शामिल हुए।

फार्मासिस्ट जिला अध्यक्ष आईपीए बालोद हेमंत बंजारे, कोषाध्यक्ष फार्मा.हीरामन दास, धरम वीर साहू, सचिव चंद्रशेखर पटेल, जिला सचिव आईपीए दुर्ग मनीष देशमुख, लाल कृष्ण साहू, सदस्य सत्येंद्र साहू, सोम प्रकाश साहू, चंदन गिरी, राहुल देव निषाद, गुलशन यदु, गोपी यादव, ईमन लाल साहू, बीरेंद्र साहू, शीतल प्रसाद दिल्लीवार, उदय चंद के साथ जिले के फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत पर तहसील साहू संघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



- जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कवर्धा जिले के ग्राम लोहरीडीह मामले में पुलिस कस्टडी में प्रशांत साहू की मौत के विरोध में तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के पदाधिकारियों ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में तहसील साहू संघ ने लिखा है कि बिना जुर्म साबित हुए पुलिस द्वारा जो ज्यादती अभिरक्षा में स्वस्थ कैदी के साथ की गई, वह बहुत ही निंदनीय और कानून की छवि को धूमिल करने वाली बात है। इसलिए राज्य सरकार द्वारा इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। निर्दोष ग्रामीणों की जल्द से जल्द जेल से रिहाई होनी चाहिए और मृतक प्रशांत साहू के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए और शिव प्रसाद साहू व रघुनाथ साहू को एक-एक करोड़ की मुआवजा राशि दी जानी चाहिए। तहसील साहू संघ ने एक सप्ताह के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर तहसील साहू संघ अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव राजेंद्र साहू, दिलीप कुल्हारे, जेआर साहू, कल्याण साहू, मोतीलाल साहू, टिकम साहू, हेमंत साहू, मुकेश साहू, लेखराम साहू, टोमन लाल साहू एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## आत्मानंद स्कूल मोंहदीपाठ में नए किचन शेड का हुआ उद्घाटन

**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम स्कूल मोंहदीपाठ में मातृ नवमी पर्व पर नये किचन शेड का सरपंच सुशीला देवांगन, एसएमडी अध्यक्ष मुकेश साहू व प्राचार्य अर्चना चौरे ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोजन कराया गया। इस अवसर पर सरपंच सुशीला देवांगन ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है। हमारी छोटी सी कोशिश से नौनिहालों के चेहरे पर खुशी बिखरेगी इसलिए कि जीवन के महत्वपूर्ण दिन जन्मदिन, शादी सहित अन्य उत्सव पर स्कूली बच्चों को पोषण आहार देकर खुशी मनाएं। न्यौता भोजन से बच्चों को अतिरिक्त पोषण से बच्चों को बौद्धिक, शारीरिक विकास होगा। इस अवसर पर शिक्षिका अरमिन्दर कौर, गोपिका कौमार्य उपस्थित रहे। इस दौरान रसोइया रमेश कुमार साहू को सम्मानित किया गया।

## मदनलाल साहू कालेज अरमरीकला में मना एनएसएस का स्थापना दिवस

**स्वयंसेवकों को बी सर्टिफिकेट भी वितरित किया गया**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया।

कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक प्रमोद भारती ने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना के साथ हुआ। प्राचार्य यशवंत साव, जेबीएस अध्यक्ष नरेश साहू, स्वयंसेवक प्रताप सिंह सार्वा और टेकराम पटेल व महाविद्यालय के अध्यापक व अतिथि प्राध्यापक ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को बी सर्टिफिकेट भी वितरित किया गया। अध्यक्ष नरेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना पढ़ाई के साथ युवाओं के व्यक्तित्व में निखार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचार्य साव ने कहा निःस्वार्थ भाव से जुड़े रहें, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। स्वयंसेवक प्रताप सिंह सार्वा ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव व्यक्त किए। टेकराम पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा में जुड़ने का अच्छा माध्यम है। आप सौभाग्यशाली हैं कि इस संस्था के स्वयं सेवक हैं। कार्यक्रम में धारना, धात्री, अनिल, नीलकंठ, धनेंद्र, तुषार, भूपेश, राजेश, मुकुंद, तारा, छत्रपाल, भारती, धनंजय, शारदा, विद्या, खिलजा और सतीश सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## बाल विज्ञान प्रदर्शनी में बालक शाला के छात्र-शिक्षक प्रस्तुत करेंगे माडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, 52वीं पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2024-25 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में होना है। कार्यक्रम की थीम सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी है।

प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा से एनुका शार्वा व्याख्याता भौतिकी के मार्गदर्शन में गणेश्वर कक्षा ग्यारहवीं से सुरक्षा सेंसर मशीन का चालित माडल तथा मोटे अनाज मिलेट्स की गुणवत्ता पर डीलेश्वरी और स्वयं शार्वा शिक्षक संगोष्ठी में टीएलएम के द्वारा ग्रहों की स्थिति का वर्णन व प्रदर्शन करने वाली हैं। इसी क्रम में शिक्षिका रीना मंडल के मार्गदर्शन में वेणुका कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सेमिनार तथा गीतांजलि और भाविका क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। रेलवे यातायात दुर्घटना में सावधानी के लिए नागेश कुमार कक्षा ग्यारहवीं द्वारा सेंसर युक्त सुरक्षा गेट का निर्माण किया गया है। जिनके मार्गदर्शक शिक्षक भूपेंद्र पटेल हैं। स्वयं भूपेंद्र पटेल विज्ञान क्लब के शिक्षक के रूप में अंतरवृत्त और परिवृत्त पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने वाले हैं। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने सभी चयनित विद्यार्थियों को और व्याख्याताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने अपने विषय के माध्यम से विज्ञान के आविष्कारों को सरलतम रूप में प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी है। साथ ही साथ सभी स्टाफ अविनाश साहू, छायानंदा, तेजेश्वरी साहू, डुप्ले साहू, हेमंत साहू, सौरभ शर्मा, लवण साहू सभी ने चयन पर खुशी व्यक्त की है।

## प्राथमिक शाला कांड़े में प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष रावटे ने कराया न्योता भोज



**डोंडी।** गुरूवार को शासकीय प्राथमिक शाला कांड़े संकुल कुआगोंदी में शाला समिति उपाध्यक्ष गणपत राम रावटे ने पितृपक्ष की नवमी तिथि पर पूर्ण न्योता भोज कराया गया। इसके तहत बच्चों को खीर,पूड़ी, सब्जी दाल एवं चावल खिलाया गया। संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआगोंदी से ए.इक्का, शाला समिति अध्यक्ष सीताराम चुरेंद्र, सदलू राम निर्मलकर, प्रधान पाठक अनिल कुमार देवांगन शिक्षक केके निषाद एवं शिक्षिका उपासना जायसवाल उपस्थित थे।

## पीएम आवास से स्वयं के घर का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज:बालोद



- देवारभाट निवासी प्रेमसागर और उनकी पत्नी उष्मा ने आभार प्रकट किया

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास निर्माण होने से अब बालोद जिले के ग्राम देवारभाट निवासी प्रेमसागर देवांगन और उनकी पत्नी उसमा को बुनाई के कार्य में काफी सुविधा हुई है। पहले बारिश के दिनों में उन्हें कच्चे मकान में बुनाई करने में काफी समस्या होती थी, बारिश के दौरान उनके द्वारा बुने गए कपड़े छत से टपकने वाली पानी की बूंदों से भीगकर खराब हो जाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास में बुनाई के कार्य में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती है।

प्रेमसागर ने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहते थे, पक्का आवास बनाने का सपना अधूरा ही रह गया था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति मिलते ही हमारे घर का निर्माण कार्य शुरू हुआ और अब हमारा आवास पूरी तरह बन गया है, जहां परिवार के साथ खुशी खुशी घर में सभी रहते हैं। उसमा बताती हैं कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिला, जिसमें उन्हें जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन और शौचालय का निर्माण किया गया है। अब उनके घर में ये सभी मूलभूत सुविधा मिलने से वे बहुत खुश हैं, किसी प्रकार की समस्या नहीं है। उसमा ने कहा कि उसे महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रूपये भी मिल रहा है, जिससे वह अपने कई सारे छोटे–छोटे खर्च में उपयोग करती है।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024, 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025, 02 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411